तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 वादे के अनुसार समय पर खाते में पहुंची मानदेय की राशि



खबर संक्षेप

दशहरा पर्व पर स्कूलों में आज से अवकाश

बैकुण्ठपुर। दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा घोषित अवकाश के तहत शनिवार 17 अक्टूबर से जिले के विद्यालयों में पांच दिनों की छुट्टी शुरू हो गई। शुक्रवार को पूरे दिन अध्यापन कार्य संपन्न होने के बाद विद्यार्थियों को अवकाश की जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चालू शैक्षणिक सत्र में दशहरा अवकाश 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक रहेगा। इस तरह विद्यार्थियों और शिक्षकों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व मनाने के लिए पांच दिनों का अवकाश मिला है। अवकाश के चलते शनिवार से विद्यालयों में पढ़ाई बंद रहेगी और अब 22 अक्टूबर को विद्यालय पुनः खुलेंगे। पर्व के अवसर पर अवकाश मिलने से विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को परिवार के साथ त्योहार मनाने का अवसर मिलेगा।

महिला से 8 लीटर महुआ शराब जब्त

बैकुण्ठपुर। आबकारी वृत्त बैकुंठपुर की टीम ने थाना पटना अंतर्गत ग्राम महोरा नवापारा में कार्रवाई करते हुए 8 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब जब्त की। मामले में एक महिला के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महोरा नवापारा निवासी आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59-क के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया।

सरगुजा ओलंपिक का आयोजन 23 से

मनेन्द्रगढ़। जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। दो दिवसीय इस खेल आयोजन के अंतर्गत जिले के विभिन्न खेल मैदानों एवं निर्धारित स्थलों पर कुल 12 प्रमुख खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन सद्भावना स्टेडियम नई लेदरी, वसुन्धरा हॉल नई लेदरी, अम्बेडकर भवन झगराखाण्ड तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा।

सीईओ ने ली संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



बैकुण्ठपुर। जनपद पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारी विकसित भारत जी राम जी, विकास खण्ड आवास समन्वयक ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में वीबीजी राम-जी योजना अंतर्गत अप्रारम्भ 12 बालिका शौचालय, 35 मुक्तिधाम एवं 4 कंटूर ट्रेंच को तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजन(ग्रामीण) में 32 आवास हितग्राहियों के दस्तावेज में समस्या होने के कारण प्रथम किस्त जारी नहीं हो पाए है तथा ऐसे 74 आवास हितग्राहियों के दस्तावेज में तकनिकी समस्या होने से वर्तमान तक आवास स्वीकृत नहीं हो पाए है ऐसे आवास हितग्राहियों के 2 दिवस के भीतर दस्तावेज सुधार करा कर सही दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर में पीएम सूर्य घर का लाभ दिया जाना प्रस्तावित है संबंधित चयनित हितग्राहियों के घर में विद्युत मीटर एवं घर से खम्भे की दूरी का सत्यापन कर 2 दिवस के भीतर अध्यतन सूची जमा करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत 4200 अपूर्ण आवास में प्रगति लाने पर जोर दिए गए।

करीब 150 साल पुराना मंदिर बना आस्था का केंद्र चांगभखार रियासत की कुलदेवी के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से पहुंच रहे श्रद्धालु

वनांचल की वादियों में विराजतीं मां चांग देवी, 309 ज्योति कलशों से जगमगाया दरबार

जनकपुर। घने जंगलों की हरियाली, प्रकृति की शांत वादियां, पक्षियों का कलरव और पहाड़ी अंचल की मनोरम छटा के बीच जब मां के जयकारे गूंजते हैं, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मन में अटूट विश्वास और आंखों में माता के दर्शन की लालसा लिए श्रद्धालुओं का यही अद्भुत संगम इन दिनों एमसीबी जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भगवानपुर स्थित प्राचीन मां चांग देवी मंदिर में देखने को मिल रहा है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर माता का दरबार 309 ज्योति कलशों की रोशनी से जगमगा रहा है। जंगलों के बीच स्थित यह प्राचीन धार्मिक स्थल न केवल श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी अपने भीतर समेटे हुए है। जिला मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर और जनकपुर से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर दूर-दराज के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान मां चांग देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है मंदिर परिसर में स्थापित 309 ज्योति कलश माता के दरबार की दिव्यता को और बढ़ा रहे हैं। इनमें 101 तेल ज्योति कलश और 208 घी ज्योति





कलश शामिल हैं। ज्योतियों की सुनहरी रोशनी, माता का विशेष श्रृंगार और धूप-दीप की सुगंध मंदिर परिसर को अलौकिक वातावरण प्रदान कर रही है नवरात्रि के छठवें दिन भी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी सामने आई। माता के मंदिर समिति की ओर से विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संकटों से मुक्ति की कामना की। देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा मंदिर में प्रज्वलित शेष पेज 2 पर

करीब 150 साल पुराना इतिहास

मां चांग देवी मंदिर का इतिहास करीब डेढ़ शताब्दी पुराना माना जाता है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, शुरूआती दौर में माता की मूर्ति एक पेड़ के नीचे विराजमान थी। उस समय बैगा समाज के लोग यहां श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इस स्थान पर समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और धीरे-धीरे यह स्थल एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हो गया मां चांग देवी को चांगभखार रियासत की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही पूजा-पद्धति और धार्मिक परंपराओं ने इस मंदिर को क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ रखा है यहां की आस्था केवल धार्मिक विश्वास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय इतिहास, जनजातीय परंपराओं और पूर्वजों से मिली विरासत का भी प्रतीक है आज भी दूरस्थ वनांचल में स्थित इस मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। बदलते समय के साथ मंदिर की पहचान दूर-दूर तक फैली है, लेकिन यहां की मूल आस्था और परंपरा आज भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का दिया था झांसा, अन्य की तलाश जारी

नौकरी लगाने के नाम पर 13.69 लाख रुपए की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 13 लाख 69 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने के मामले में बैकुंठपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि आरोपियों ने प्रार्थी से 16 अप्रैल 2024 से 28 मार्च 2025 के बीच अलग-अलग किश्तों में नगद और बैंक खाते के माध्यम से रकम प्राप्त की थी। रूपए वापस मांगने पर उसे जान से मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले के अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमापारा बैकुंठपुर निवासी संतोष कुमार सारथी पिता छोटेलाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनुराधा भगत एवं अन्य लोगों ने उसे नौकरी लगाने का झांसा देकर 14 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। शिकायत की जांच में सामने आया कि अनुराधा लकड़ा, राजकुमार लकड़ा, जोखनलाल एवं डॉ. प्रकाश अनंत ने छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर प्रार्थी से कुल 13 लाख 69 हजार रूपए प्राप्त किए। रकम वापस मांगने पर धमकी दिए जाने की बात भी शिकायत में कही गई है। जांच में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बैकुंठपुर थाने में अपराध क्रमांक 301/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 351(3), 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनुराधा लकड़ा उम्र 32 वर्ष निवासी कछार, थाना धौरपुर जिला सरगुजा हाल मुकाम बंगाली चौक, बौरीपारा, अंबिकापुर तथा जोखनलाल उम्र 61 वर्ष निवासी सरभोका गोहला सरई थाना पटना, हाल मुकाम बाबू कॉलोनी प्रेमाबाग बैकुंठपुर को 15 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस प्रकरण के फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

स्वस्थ बच्चे और सशक्त महिलाएं समाज का आधार-भईयालाल

बैकुंठपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को मानस भवन, बैकुंठपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नौवें राष्ट्रीय पोषण माह एवं हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम के साथ आयोजित इस आयोजन में विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वन्दना राजवाड़े सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन बच्चों के बेहतर पोषण, महिलाओं के स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित करता है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल से लेकर नवजात शिशुओं के पोषण, बालिकाओं की शिक्षा और महिलाओं की आत्मनिर्भरता तक, परिवार एवं समाज की सक्रिय भूमिका इन प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए जरूरी है। विधायक



भईयालाल राजवाड़े ने कहा, स्वस्थ बच्चे और सशक्त महिलाएं समृद्ध समाज का आधार हैं। प्रत्येक परिवार को गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र हमारे गांव और मोहल्ले के बच्चों के विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इन्हें बेहतर बनाने में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को अपनाते हुए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्थानीय पौष्टिक आहार से मजबूत होगा पोषण

बेहतर पोषण के लिए दैनिक भोजन में विविधता और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को स्थान देना महत्वपूर्ण है। दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल और मोटे अनाज जैसे खाद्य पदार्थ संतुलित आहार को समृद्ध बनाते हैं। बच्चों और महिलाओं की आयु तथा जरूरत के अनुरूप पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की आदतें भी पोषण से जुड़ी आवश्यक कड़ियां हैं।



भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रखे विचार

मनेन्द्रगढ़। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग, एमसीबी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की थीम बेटियां ही भविष्य हैं कार्यक्रम में छात्राओं को बालिका शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराकर ही समाज को सशक्त और प्रगतिशील बनाया जा सकता है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

अब क्यूआर कोड से मिलेगा उर्वरक

मनेन्द्रगढ़। आगामी रबी सीजन 2026-27 के मद्देनजर रासायनिक उर्वरकों के पारदर्शी, सुगम और सुव्यवस्थित वितरण को सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा तैयार की गई नवीन डिजिटल प्रणाली फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल 3.0 का तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरूवार को मनेन्द्रगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उप संचालक जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के समस्त फुटकर विक्रेता, थोक विक्रेता, प्रगतिशील कृषक बंधु तथा कृषि विभाग के मैदानी अमले के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की उपस्थिति प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़ महेश पैकरा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनेन्द्रगढ़ धर्मेन्द्र कुर्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनेन्द्रगढ़ रवि गुप्ता तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आवास निर्माण में आई तेजी, एक माह में 506 पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में आयोजित आवास जनचौपालों से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवासों के निर्माण में तेजी आई है। अधिकारियों और हितग्राहियों के बीच सीधे संवाद से निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

बीते एक माह में जिले में 506 आवास पूर्ण हुए हैं। वहीं, बैकुंठपुर विकासखंड में 520 अप्रारंभ आवासों का निर्माण शुरू हुआ है तथा 720 से अधिक लंबे समय से रुके आवासों के निर्माण कार्य ने फिर गति पकड़ी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में बीते दो वर्षों में कुल 16 हजार 563 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से लगभग 74 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं और 12 हजार से अधिक



हितग्राही अपने पक्के मकान बना चुके हैं। हालांकि, एक माह पूर्व तक लगभग 1500 ऐसे हितग्राही थे, जिन्होंने प्रथम किस्त मिलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया था। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सितंबर माह में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान अप्रारंभ और अधूरे आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने हितग्राहियों से निरंतर संवाद के लिए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक जनचौपाल आयोजित करने पर पहल करने को कहा। इसके बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास तथा जिला एवं जनपद पंचायत की टीमों ने रोस्टर के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनचौपाल आयोजित कीं। इन चौपालों में हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण शुरू करने और अधूरे कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। बीते एक माह में जिले में 30 से अधिक जनचौपाल आयोजित की गई हैं। जनचौपालों के माध्यम से लगातार संपर्क का असर निर्माण कार्यों में दिखाई देने लगा है। हितग्राही प्राप्त किस्त की राशि के अनुसार अपने आवासों का निर्माण आगे बढ़ा रहे हैं। बैकुंठपुर विकासखंड में 520 अप्रारंभ आवासों का कार्य शुरू होने के साथ ही 720 से अधिक लंबित आवासों में दोबारा निर्माण शुरू हुआ है। इसी अवधि में जिले में 506 आवासों की पूर्णता दर्ज की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित जनचौपालों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। जिला एवं जनपद पंचायत की टीमों द्वारा प्रत्येक गांव में अप्रारंभ और अधूरे आवास वाले हितग्राहियों को चिह्नित कर उनसे संवाद निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराए जा सकें।

क्रेन से खड़े किए जाएंगे पुतले, तैयारियां तेज

मिनी स्टेडियम में 55 फीट के रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति की देवी की आराधना के साथ ही दशहरा पर्व पर रावण दहन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले बनाने का कार्य कई दिनों से चल रहा है, जो अब अंतिम चरण में पहुंच गया है।

आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में आयोजन की तैयारियों को पूरा करने के लिए अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामानुज मिनी स्टेडियम में शारदीय नवरात्र शुरू होने से





पहले ही तीनों पुतलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। जयनगर-विश्रामपुर से आए कारीगर करीब दस दिनों से पुतले बनाने में जुटे हुए हैं।

आतिशबाजी से रंगीन होगा आसमान

दशहरा के अवसर पर रामानुज मिनी स्टेडियम में रावण दहन से पहले भव्य आतिशबाजी की जाएगी। आतिशबाजी से रात का आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठेगा। इसके बाद विशाल रावण सहित कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में उत्साह है और लोग दशहरा पर्व पर होने वाले इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं।

कारीगरों के अनुसार, इस वर्ष रावण का पुतला करीब 55 फीट ऊंचा होगा, जबकि कुंभकरण शेष पेज 2 पर

युवा उड़ान थीम पर 2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य थीम ह्यसशक्त नारी, युवा उड़ान होगी।

■ बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में लगेंगी विभागीय प्रदर्शनियां

कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को आयोजन के लिए अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रदर्शनी की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इनमें विभागीय उपलब्धियों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 नवंबर को स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 3 नवंबर तक जिला मुख्यालय स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था में भी सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम को प्रदर्शित करने के निर्देश हैं। निजी संस्थाओं को भी अपने भवनों पर रोशनी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय से 15 अक्टूबर को जारी पत्र में सभी विभागों को शासन के निर्देशों के अनुरूप तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया है।

खबर संक्षेप

कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी, 1 अक्टूबर से नई दरें लागू

बिश्रामपुर। कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन कार्यों में नियोजित ठेका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की नई दरें जारी कर दी हैं। 12 अक्टूबर के कार्यालय आदेश के अनुसार संशोधित दरें 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। नई दरों के तहत अकुशल श्रमिकों को 1341 रुपए, अर्धकुशल श्रमिकों को 1375 रुपए, कुशल श्रमिकों को 1409 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों को 1443 रुपए प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। इन दरों में मूल मजदूरी के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता शामिल है। कोल इंडिया ने औद्योगिक श्रमिकों के मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते की संशोधित दरों को शामिल करते हुए यह निर्णय लिया है। नई दरों के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों और नियोजन एजेंसियों की होगी। इससे कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान पर सीधा असर पड़ेगा।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अंकिता गुप्ता ने किया क्वालीफाई

बिश्रामपुर। नगर की मेधावी छात्रा ग्राम सतपता निवासी एकांत स्वीट्स के संचालक सुरेंद्र गुप्ता की पुत्री कु. अंकिता गुप्ता ने पीएचडी प्रवेश



परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार सहित बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अखिल मेरिट सूची में 35 वां स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। अंकिता ने कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर से प्रारंभिक शिक्षा तथा डीएवी स्कूल से 12 वीं तक की पढ़ाई की इसके बाद वाराणसी के सनबीम संस्थान से बीकॉम और एमकॉम की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर हासिल इस उपलब्धि से उनके परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

सेवा संकल्प अभियान पर शहीद रमाशंकर को दी गई श्रद्धांजलि, परिजन का हुआ सम्मान



लखनपुर। विकासखंड के ग्राम अमदला में सेवा संकल्प अभियान के तहत 14 अक्टूबर को शहीद रमाशंकर के निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच, सचिन, ब्राह्मण और परिजन द्वारा शहीद रमाशंकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बलिदान और योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद रमाशंकर के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके परिवार के योगदान और त्याग को स्मरण किया गया ।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को याद करना नई पीढ़ी को उनके योगदान से प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के सम्मान और उनके परिवार के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती ज्योति सिंह सचिव सत्यनारायण शहीद रमाशंकर के परिजन और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवरात्रि के उपलक्ष्य में लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मचेगी गरबा की धूम, तैयारियां पूरी

सीतापुर। नवरात्र पर्व के अवसर पर देश भर में मची गरबा की धूम के बीच नगर में भव्य और ऐतिहासिक गरबा रास महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। नगर में दूसरी बार इतने विशाल पैमाने पर सामूहिक डांडिया और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हो रहा है। 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार की संध्या को नगर के हृदयस्थल माने जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में गरबा का भव्य महोत्सव आयोजित किया गया है। इस गरबा महोत्सव में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कलाकार खुशी माली अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में अपनी कलाकारी का लोहा मनवा चुकी इस कलाकार को देखने नगरवासियों समेत क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर के युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है।आयोजन समिति द्वारा स्टेडियम में इस गरबा महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूसरी बार नगर में हो रहे गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

सड़क दुर्घटना में वृद्धा की मौत, शिनाख्त के बाद पुलिस ने किया मर्ग कायम

अम्बिकापुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मौत हो गई। मृतिका की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने लाश को मरच्यूरी कक्ष में रखवाया था। बुधवार को मृतिका की पहचान परिजन द्वारा किए जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतिका दाई का काम करती थी और प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल पहुंचाने गई थी। घर लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गई थी। जानकारी के अनुसार नर्मिति बाई पति अजय साय (65 वर्ष) गांव में दाई का काम करती थी। गत दिन वह पड़ोसी महिला का प्रसव कराने के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल छोड़ने आई थी। जब वह घर लौटने लगी तभी 11 अक्टूबर को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर प्रसूता को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वृद्धा घर नहीं लौटी तो परिजन उसे तलाश रहे थे। खोजबीन करते हुए परिजन जिला अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे और वृद्धा की पहचान नर्मिति बाई के रूप में की। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अटैचमेंट पर चल रहे शिक्षकों को नहीं भेजा मूल पद पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिला में शिक्षा विभाग के नियमों के खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी करने के बावजूद निर्देशों का पालन जिले में शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे शिक्षकों को मूल पद पर नहीं भेजा गया है।

विकासखंड बलरामपुर में जहां राज्य सरकार द्वारा 5 जून और दोबारा 14 जुलाई को निर्देश जारी किया था। निर्देश में कहा गया है कि जितने भी शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे हैं उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए और मूल पद पर वापस जाएं अन्यथा उनके वेतन रोक जाएगी। नियम में यह भी कहा गया था कि जो शिक्षक जहां पदस्थ है वहीं पर ऑनलाइन हाजिरी के बाद ही उनका वेतन बनेगा लेकिन जिले के बलरामपुर विकासखंड में जुगाड़ का खेल इतना हावी है कि इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है।



बलरामपुर विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद पर शिक्षक सुरेश सिंह पदस्थ है। उनका जुगाड़ इतना जबरदस्त है राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद भी यह मूल पद पर वापस नहीं हुए हैं जिससे सामान्य शिक्षकों में आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी से मिली भगत करके अपना मूल पद वापसी नहीं होने का जुगाड़ बना लिया और तब से लेकर आज तक लगभग 2 वर्ष से भी ऊपर समय हो जाने के बावजूद भी इन्हें मूल पद पर वापस नहीं भेजा गया। शिक्षकों का कहना है कि जब सभी शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त हो गया तो उनका अटैचमेंट आज तक क्यों समाप्त नहीं हुआ।

शिक्षक होना चाहिए व्याख्याता

नियम के अनुसार विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद संभालने के लिए शिक्षक व्याख्याता होना चाहिए। साथ ही इस तरह के कार्यों के लिए तीन से 5 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा जिस शिक्षक को विकासखंड स्त्रोत समझ में बनाना है वह शिक्षक उसी विकासखंड का होना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला सामग्र परियोजना अधिकारी द्वारा समिति बनाकर के मिनिमम 2 वर्षों के लिए उनकी नियुक्ति की जाती है, लेकिन इस तरह के नियमों पालन नहीं किया गया बल्कि लंबी अवधि से अटैचमेंट पर ही दूसरे विकासखंड के सामान्य शिक्षक सुरेश सिंह विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जैसे प्रशासनिक पद संभाल रहे हैं जो कि उनके योग्यता के अनुरूप नहीं है।

कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव

सूत्रों के मुताबिक शिक्षक सुरेश सिंह बलरामपुर विकासखंड के शिक्षक नहीं है इनका मूल पद स्थापना रामचंद्रपुर विकासखंड में माध्यमिक शाला विद्यालय में शिक्षक के पद पर है और इन्हें कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव है। इस तरह के कार्यों में उनके तीन से पांच वर्ष का अनुभव भी नहीं है और इस तरह से यह पद के लिए उपयुक्त भी नहीं है। इसके बाद भी लंबे अवधि से सामान्य शिक्षक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन कर रहा है जो समझ से परे है।

आदेश का कराया जाएगा पालन

जिले में अभी भी अटैचमेंट पर शिक्षक है तो इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं। अगर शिक्षक मूल पद पर नहीं गए है तो उन्हें मूल पद पर वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी। शासन का आदेश है मूल पद पर भेजना उसका पालन कराया जाएगा।

-नरेंद्र कुमार निरापूरे, डीईओ

रोमांचक मुकाबले में धनगांव की टीम को दी शिकस्त

फाइनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट एफसी क्लब बलरामपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम धनगांव स्थित जय मां काली स्टेडियम में आयोजित स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन 14 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। 6 अक्टूबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान धनगांव और एफसी क्लब बलरामपुर की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। निर्धारित समय तक मुकाबला गोल रहित रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

खास बातें
- निर्धारित समय के खेल में दोनों टीमें नहीं कर सकीं गोल
- अतिरिक्त पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से जीता मैच

फाइनल मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। 35-35 मिनट के दोनों हाफ में खिलाड़ियों ने कई बेहतरीन मूव बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के कारण पहले पांच-पांच पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर दोबारा तीन-तीन पेनाल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत हासिल की। रोमांचक मुकाबले के दौरान स्टेडियम में मौजूद दर्शक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा मैदान में मौजूद दर्शकों से मुलाकात की। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जय माँ काली स्टेडियम पहुंचे। आयोजन समिति ने महिलाओं के लिए अलग से पंडाल की व्यवस्था की थी, जहां सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने भी मैच का आनंद लिया। प्रतियोगिता ने ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति युवाओं के उत्साह और खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान किया। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ ही स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ।



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

निर्णायकों और कमेंटेटरों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले का संचालन शेखर प्रधान, पीटीआई ने कराया था। वहीं फाइनल मैच में विश्रामपुर के प्राचार्य मोहरलाल कुजूर, पीटीआई नोबोर केरकेट्टा तथा लाइनमैन दिलीप और प्रमथ सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे मुकाबले के दौरान कमेंटेटर दिवाकर मुखर्जी और मंगल विश्वास ने शानदार कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। उनकी रोचक कमेंट्री से मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों का रोमांच और बढ़ गया।

समिति और युवाओं के प्रयास से सफल हुआ आयोजन

स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संजू सरकार, चितरंजन विश्वास, अभय मृधा, जयंत हालदार, शिवा सरकार, अंकित मंडल सहित अन्य युवा लगातार जुटे रहे।



बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता व बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु डीईओ ने की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में शैक्षणिक स्तर को अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में आयोजित इस बैठक में विकासखंड सूरजपुर के सभी 34 हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा गणित, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन शास्त्र जैसे प्रमुख विषयों के व्याख्याता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं से सीधा संवाद स्थापित कर पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा अध्यापन की स्थिति और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कठिन माने जाने वाले विषयों गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी में विद्यार्थियों की रुचि और समझ बढ़ाने के लिए आधुनिक व प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया, डीईओ ने भौतिकी और रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं को प्रयोगशालाओं का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से समझ सकें। वहीं गणित और अंग्रेजी में मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु विद्यार्थियों से निरंतर अभ्यास कार्य कराने पर जोर दिया,उन्होंने त्रैमासिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर शैक्षणिक रूप से पिछड़े छात्रों को चिह्नित कर उनके लिए अतिरिक्त समय देकर उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कराएं, जिससे विद्यार्थियों को रिविजन और मॉडल प्रश्न-पत्र हल करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों की शत-प्रतिशत और समयबद्ध उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। शाला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीईओ ने समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, कक्षा में मोबाइल ले जाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं,साथ ही संस्था प्रमुख की भी जवाबदेही तय होगी। बैठक में सहायक संचालक अजय सिंह, सहायक जिला परियोजना अधिकारी चंद्रपाल कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक निर्झर मंदिलवार, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।



सीएसआर मद से 55 ग्रामीण महिलाएं को दी गई सिलाई व परिधान निर्माण की ट्रेनिंग

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद के तहत महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के माध्यम से चार माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके बाद प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन व सिलाई किट का वितरण कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जुलाई को हुआ था, चार माह तक चले इस प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई, परिधान निर्माण तथा इससे संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के परिधान तैयार करने की तकनीक सीखीं और अपने हुनर को निखारा। समापन कार्यक्रम में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह, आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा, बिश्रामपुर क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष क्लेरेंस तथा रेहर भूमिगत खदान के नोडल अधिकारी श्रेयांश दुबे भी मौजूद रहे। परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के प्रभारी डी.पी. सिंह मरकाम तथा प्रशिक्षिका कलावती साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

खान प्रभावित क्षेत्र गेतरा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत गुरुवार,15 अक्टूबर को खदान प्रभावित क्षेत्र गेतरा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 84 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

- 84 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकों द्वारा दिए परामर्श अनुसार नि:शुल्क दवा हुई वितरित

कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह एवं आरजीके यूजी माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी.के. शर्मा एएमओ यूएस बैठा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीता लाल, चिकित्सक डॉ. हर्षवर्धन सिंह एवं दंत शल्य चिकित्सक डॉ. सत्यपाल जोलहे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, सामान्य बीमारियों का परीक्षण, दंत परीक्षण, बीपी एवं शुगर की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के सफल संचालन मे केंद्रीय चिकित्सालय की टीम सक्रिय रही।



शशि, प्रिया और डॉ. सुनील राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

डांड़गांव। नेशनल एंटी करप्शन कमीशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से उदयपुर के भदवाही प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती शशि शर्मा, अम्बिकापुर के महेशपुर प्राथमिक शाला की श्रीमती प्रिया सिंह व उदयपुर क्षेत्र के पेंडरखी माध्यमिक शाला के शिक्षक डॉ सुनील कुमार यादव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मानवता, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान-पत्र में मानवता को बढ़ावा देने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने, नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की गई है। यह पुरस्कार समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक योगदान और जनकल्याण के कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है ।इस अवसर पर शाला के स्टाफ, खंड शिक्षा अधिकारी और समस्त परिजन में हर्ष व्याप्त है।



दुर्गा पंडाल के पास निकला विशाल सर्प वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

बिहारपुर। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अन्तिकापुर में दुर्गा पूजा पंडाल के पास एक विशाल सर्प दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सांप को देखकर ग्रामीणों ने उसे अजगर समझा और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक दुर्गा पूजा पंडाल के बगल में अचानक विशाल सांप दिखाई दिया। सांप के आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर रेस्क्यू किया। ग्रामीण उसे अजगर समझ रहे थे, लेकिन वन विभाग की टीम ने उसकी पहचान अहिराज के रूप में की। इसके बाद सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने लोगों से कहा कि सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि लोगों की सुरक्षा के साथ वन्यजीवों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके।



पृष्ठ 1 का शेष

वनांचल की वादियों...

अखंड ज्योति श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखती है। यहां आने वाले भक्त माता के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। स्थानीय मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा से मांगी गई मन्नत माता रानी अवश्य पूरी करती हैं। इसी विश्वास के साथ हर वर्ष नवरात्रि में बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार में पहुंचते हैं।

प्रकृति की गोद में आस्था का अनुपम संगम- भगवानपुर का मां चांग देवी मंदिर अपनी धार्मिक महत्ता के साथ-साथ प्राकृतिक परिवेश के लिए भी खास पहचान रखता है। चारों ओर फैले घने जंगल, हरियाली से आच्छादित पहाड़ी क्षेत्र और शांत वातावरण इस स्थान को एक अलग ही सुंदरता प्रदान करते हैं। शहरों की भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर यहां पहुंचकर श्रद्धालु प्रकृति की शांति के बीच माता के दर्शन करते हैं सुबह के समय वनांचल की ताजी हवा और हरियाली के बीच मंदिर की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं का दृश्य मन को सुकून देने वाला होता है। वहीं, नवरात्रि में सैकड़ों ज्योति कलशों से जगमगाता मंदिर परिसर प्राकृतिक वातावरण के बीच भक्ति की अनूठी छटा बिखेरता है। शाम के समय आरती की घंटियां, शंखनाद और माता के जयकारे इस पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देते हैं यहां प्रकृति और आस्था का मेल सहज रूप से दिखाई देता है। एक ओर जंगलों की शांति है, तो दूसरी ओर माता के दर्शन के लिए उमड़ता जनसैलाब। यही विशेषता मां चांग देवी मंदिर को अन्य धार्मिक स्थलों से अलग पहचान देती है।

25 वर्षों से माता के दर्शन कर रहीं ज्ञानलता-श्रद्धालु ज्ञानलता शर्मा ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से लगातार मां चांग देवी के दर्शन करती आ रही हैं। माता के प्रति उनकी गहरी आस्था और श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि मां चांग देवी की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है और यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं ज्ञानलता शर्मा के अनुसार, माता के दरबार में पहुंचकर मन को शांति मिलती है। मां चांग देवी मंदिर के पुजारी दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने बताया कि माता के दरबार में दूर-दूर से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। नवरात्रि के दौरान भक्तों की संख्या में विशेष वृद्धि होती है।

कई राज्यों से पहुंचते हैं भक्त- मंदिर के सेवादार श्यामलाल वर्मन ने बताया कि मां चांग देवी के दरबार में इस वर्ष 101 तेल ज्योति कलश और 208 घी ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इन 309 ज्योति कलशों के माध्यम से मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक वातावरण बना हुआ है उन्होंने बताया कि माता के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बिहार और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त माता के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

मिनी स्टेडियम में...

और मेघनाथ के पुतले लगभग 50 फीट के बनाए जा रहे हैं। निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कारीगर तेजी से काम कर रहे हैं।

क्रेन की सहायता से खड़े किए जाएंगे पुतले- रामानुज मिनी स्टेडियम में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को तैयार करने का काम अंतिम दौर में है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद तीनों पुतलों को क्रेन की सहायता से खड़ा किया जाएगा। दशहरा पर्व से पहले ही पुतलों को मैदान में स्थापित कर लिया जाएगा, ताकि पर्व के दिन विधिवत रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा सके।



'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग शुरू, लीड रोल में होंगे राघव

नई दिल्ली। एक्टर राघव जुयाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग से जुड़ी जानकारी बताते हुए एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि वे उनकी अगली फिल्म 'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग में लग गए हैं। राघव ने लिखा, 'आज मैं अपने कॅरियर की सबसे अहम फिल्म की शुरुआत कर रहा हूं। ऐसा इसलिए नहीं कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म है, बल्कि इसलिए कि 12-13 साल पहले मैंने इसे देखा था, इसके सपने देखे थे और अपने मन में इसे जी भी लिया था।' इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि आज मैं उस फ्रेंचाइजी का मुख्य अभिनेता हूं, जिसमें कभी मैं पीछे खड़े होकर, दूर से सब कुछ देखा करता था।'

लाइफ Style

अनीत

खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई. फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में वह अहान पांडे के साथ नजर आई थीं।

अब एक्ट्रेस मैडॉक फिल्म्स की फिल्म शक्ति शालिनी में दिखाई देंगी। यह फिल्म सैयारा से काफी अलग है। इस फिल्म में वो सोलो हैं और अब बताया है कि आखिर उन्होंने शक्ति शालिनी फिल्म करने के लिए हां क्यों कहा। अनीत ने बताया कि सैयारा की सफलता के बाद वह इसी तरह की एक अलग फिल्म करना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में अनीत पड्डा ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली। सैयारा के बाद मैं जिस तरह की फिल्म करना चाहती थी, यह बिल्कुल वैसी ही है। यह उससे काफी अलग है। इसमें एक्शन, रोमांस और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स हैं। मुझे अपने एक बिल्कुल अलग रूप को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। अनीत ने आगे कहा, "अगर मैं साफ-साफ कहूं, तो मैं एक सोलो फिल्म करना चाहती थी. मैं चाहती थी कि मैं कह सकूं कि यह मेरी फिल्म है। एक एक्टर के तौर पर इसकी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है। आखिर कितनी महिलाओं को ऐसा मौका मिलता है? मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपनी दूसरी फिल्म में ही यह मौका मिल रहा है। हालांकि, पूरी फिल्म की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर होना थोड़ा डराने वाला हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला



दुनिया में अदर मॉमी की मची धूम

नई दिल्ली। हॉरर और हॉलीवुड फैंस की दुनिया में इन दिनों जेसिका चैस्टेन स्टारर फिल्म 'अदर मॉमी' की धूम मची है। यह एक अमेरिकी सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है, जो 9 अक्टूबर को रिलीज हुई है और 3 दिनों में ही इसने वर्ल्डवाइड ₹432.35 करोड़ ($45,190,000) की ग्रॉस कमाई कर ली है। जिसने भी इसे देखा, वह मुरीद हो गया है। कहानी एक सात साल की बच्ची की है, जिसे अपनी मां की शक्ल से मिलती-जुलती औरत नजर आती है और वह उसे 'अदर मॉमी' कहकर पुकारती है।



प्रियंका ने अपनी दोस्त तमन्ना के साथ तस्वीरें कीं शेयर...

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त को जन्मदिन की बधाई दी है। अभिनेत्री ने उनके साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने शानदार पोस्ट लिखी है। अभिनेत्री ने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें उनके साथ बिकनी में दी गई पोज भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने उन्होंने तमन्ना के साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों की झलकियां दिखाई हैं। यही नहीं दोनों ने एक-दूसरे के परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं। दोस्त तमन्ना दत्त के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा 'मेरी पसंदीदा लड़की। वह पहले मेरी रूममेट रही, फिर दोस्त बनी। अब बहन जैसी है। पिछले 26 वर्षों में बहुत कुछ बदला, अगर कुछ नहीं बदला तो आप।



श्रीलीला की नई फिल्म का पोस्टर जारी

मुंबई। कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ श्रीलीला भी अहम किरदार में होंगी। कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के टाइटल का अभी ऐलान नहीं किया गया है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं। इसके निर्माता भूषण कुमार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया है। इसमें कार्तिक आर्यन और श्रीलीला बैठे हैं। उनके आस-पास हरियाली है और चाय भी रखी है। इसमें बताया गया है कि फिल्म 30 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा 'एक नई कहानी, जो आपके दिल में बस जाएगी।



मनोज की फिल्म घूसखोर का नाम बदला

मुंबई। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' का नाम बदल दिया गया है। मेकर्स ने 15 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया है। फिल्म के पुराने नाम को लेकर काफी विवाद हुआ था। इसके नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट तक याचिका पहुंची थी। अब फिल्म का नाम 'गजब रात' कर दिया गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय, दिव्या दत्ता, कीकू शारदा और नुसरत भरूचा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 23 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'गजब रात' की कहानी एक ऐसे पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने निजी फायदे और सही काम करने के बीच फंस जाता है।

टीवी मसाला



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में एक साथ नजर आएंगे करीना व सैफ

नई दिल्ली। करीना कपूर और सैफ अली खान की जोड़ी को बॉलीवुड में टिपिकल लव बर्ड्स के तौर पर देखा जाता है। अक्सर कई इवेंट्स में कपल को साथ में स्पॉट किया गया है। अब ये शानदार जोड़ी आपको 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में देखने को मिलेगी। बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों को अपने शो में बुलाने के बाद, अब यह शो रियल-लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वे इस कॉमेडी शो में अपने मजेदार अंदाज और हंसी-मजाक से चार चांद लगाएंगे। यह एपिसोड आने वाले 17 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। दोनों अलग-अलग कई बार नजर आए हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब वे इस कॉमेडी शो में एक साथ नजर आएंगे। इनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं जिसमें करीना रेड कलर के बंधनी सलवार- सूट में नजर आईं। इसके गले पर हैवी गोल्डन एंब्रॉयडरी का काम था। इसे उन्होंने हैवी झुमकों और चूड़ियों के साथ पेयर किया था। वहीं सैफ हमेशा की तरह रॉयल लुक में बेहद शानदार लग रहे थे। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट पैंट के साथ ही ब्लैक वेस्ट कोट पहना हुआ था। वहीं सैफ अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम डेब्यू किया है इसलिए ये मोमेंट उनके लिए और भी खास है।

नकुल के समर्थन में उतरीं शिल्पा

नई दिल्ली। शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल ने बीते एपिसोड में गुल्लू से लड़ाई की थी, जिसके बाद बिग बॉस ने कड़ा एक्शन लेते हुए नकुल को घर से बेघर कर दिया। अब इस पूरे मामले पर शिल्पा शिंदे ने अपनी राय दी है। नकुल को बिग बॉस से निकालने के बाद शिल्पा इस निर्णय से नाखुश नजर आईं। शिल्पा ने एक पोस्ट शेयर कर इस निर्णय का विरोध जताया है। पोस्ट के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, 'उसे वापस लाओ..उसने मारा नहीं है सिर्फ धक्का दिया है। ऐसा बिग बॉस में बहुत बार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें भी लिखा कि उन्हें वापस लाओ, क्योंकि वो पूरी तरह गलत नहीं हैं। दरअसल, काजी मजाक-मस्ती में स्काउट के कान में थूक देते हैं। इसके बाद जब स्काउट अकेले होते हैं, तो नकुल जाकर उनसे कहते हैं कि काजी वहां दूसरी ओर बता रहे हैं कि उन्होंने तुम्हारे कान में थूक दिया।



ये प्रेम मोल लिया का नया गाना 'झुमका पटोला' रिलीज, श्रेया ने दी है आवाज

निर्देशक सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म ये प्रेम मोल लिया का नाम काफी समयसे चर्चा का विषय बना हुआ है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस मूवी के कई गाने अब तक सामने आए हैं, जिन्हें श्रोताओं ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है।

नई दिल्ली। इस बीच नवरात्रि के सीजन में मेकर्स की तरफ से ये प्रेम मोल लिया का एक और नया गाना रिलीज कर दिया गया है। जिसके बोल संगीतकार हिमेश रेशमिया की पत्नी सोनिया कपूर रेशमिया ने लिखे हैं और सिंगर श्रेया घोषाल ने इसे गाया है। ये प्रेम मोल लिया के जिस लेटेस्ट सॉन्ग के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसका टाइटल- झुमका पटोला... है। दरअसल बुधवार को मेकर्स की तरफ से इस गाने को रिलीज करने की आधिकारिक जानकारी सोशल मीडिया पर दी गई थी और अब गुरुवार को झुमका पटोला... को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म ये प्रेम मोल लिया का ये नया गाना अभिनेता आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ के अलावा फिल्म की अन्य फीमेल एक्ट्रेसेज के ऊपर



फिल्माया गया है। बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने इस गीत को अपनी मीठी आवाज दी है, जबकि संगीतकार हिमेश रेशमिया ने इसके संगीत को तैयार है। ध्यान देने वाली बात ये है कि ये प्रेम मोल लिया फिल्म के झुमका पटोला... गीत के लिरिक्स को हिमेश की वाइफ सोनिया कपूर ने लिखा है, जो गाने को और अधिक रोचक बनाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मूवी का ये गीत प्रॉपर डांसिंग सॉन्ग लग रहा है, जो महिलाओं के लिए नया पार्टी एंथम बन सकता है। इससे पहले फिल्म का टाइटल सॉन्ग और नवरात्रि स्पेशल गीत पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं। राजश्री प्रोडक्शन की अगली पेशकश के तौर पर ये प्रेम मोल लिया फिल्म का सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौर किया जाए आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस रोमांटिक-फैमिली ड्रामा फिल्म की रिलीज डेट के बारे में तो ये मूवी 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

फर्जी-2 की शूटिंग खत्म

छोटे कलाकार की दिखाई गई है कहानी

मुंबई। अभिनेता शाहिद कपूर की सीरीज 'फर्जी 2' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की जानकारी एक्टर ने बातचीत के दौरान दी। इसके साथ ही अपने किरदार सनी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सेट से बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। शाहिद कपूर ने 'फर्जी 2' की शूटिंग के दौरान ली गईं कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, 'फर्जी 2 की शूटिंग जैसे-जैसे समाप्त हो रही है, मुझे बस यही याद आ रहा है कि सनी मेरे भीतर कितना बसा हुआ है। मैं वही हूं और वह मैं हूं। हम दोनों ने मुंबई की गलियों में एक ऐसे बच्चे के रूप में शुरुआत की थी जिसके दिल में दुनिया को यह बताने की आग थी। मुझे देखो। मैं एक कलाकार हूं।'फर्जी का पहला सीजन प्राइम वीडियो पर फरवरी 2023 में प्रीमियर हुआ था। यह सीरीज 8 एपिसोड्स की थी। इस सीरीज से शाहिद कपूर ने पहला



ओटीटी डेब्यू किया था। इसमें सनी नाम के एक छोटे-मोटे कलाकार की कहानी दिखाई गई है, जो नकली मुद्रा के एक बड़े घोटाले में शामिल हो जाता है। कलाकारों में विजय सेतुपति, राशी खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर प्रमुख भूमिकाओं में थे।

अलग-अलग जॉनर की फिल्में और सीरीज होंगी रिलीज

सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका

नई दिल्ली। पलके बिछाए फैंस शुक्रवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये सप्ताह का वो दिन होता है, जब बड़ी-बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देती हैं और शानदार सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होती हैं। अक्टूबर के तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर आ रहा है।

नई नवेली : शुक्रवार की सबसे मजेदार रिलीज में से एक यामी गौतम की फिल्म नई नवेली है, जो आज सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आर्टिकल 370 और हक जैसी सीरियस फिल्मों के बाद नेशनल अवॉर्ड विनर यामी गौतम कॉमेडी जॉनर में लंबे समय बाद लौटीं हैं। मूवी में उनका किरदार डायन भाभी का है। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- हॉरर कॉमेडी।

मास्टर प्लान : इस क्राइम कॉमेडी फिल्म की कहानी रोजर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिटायर महान चोर है। हालांकि, वह मोना लीसा की मूर्ति चुराने के पीछे है, जिसके लिए वह एक इटैलियन हैकर और फ्रैंच बम एक्सपर्ट को हायर करता है। कहानी में मजेदार ट्विस्ट तब आता है जब रोजर ये बताता है कि उसके दोनों हायर किए गए बंदे गुम हुए सिबलिंग्स हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम. वीडियो, जॉनर- क्राइम कॉमेडी।



डीसी : सरत चंद्र चटोपाध्याय की नॉवेल देवदास पर बेस्ड फिल्म डीसी में लोकेश कनगराज और वामिका गब्बी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी देवदास के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बागी अपराधी है और चोरी में गलती होने और एक पुलिस ऑफिसर के मारे जाने पर भागा फिर रहा है। वामिका का किरदार चंद्रा जो एक सेक्स वर्कर है, कैसे उसकी मदद करेगी यही कहानी में बताया जाएगा। रिलीज डेट -16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

आशा : आशा की कहानी पहले से ही सदमें से गुजर रही एक विदवा महिला पर बेस्ड है, जो एक छोटे से एक्सीडेंट के बाद बेकाबू हो जाती है। हार न मानने की उसकी इस जिद के कारण उसका सामना एक ऐसे हिंसक आदमी से होता है, जो उसकी जिंदगी को एक बुरा सपना बना देता है। मलयालम फिल्म में उर्वशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 16

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। यह 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

रणबाली : आज बॉक्स ऑफिस पर नई नवेली का अकेले कब्जा नहीं होगा, बल्कि इस मूवी से टक्कर लेने के लिए विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की रणबाली भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मूवी को तेलुगू के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर-हिस्टोरिकल ड्रामा।

जेलर : रजनीकांत की जेलर को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था और अब वह इसके दूसरे पार्ट जेलर 2 के साथ शुक्रवार से एक दिन पहले थिएटर्स में आ गए हैं। फिल्म में एक बार फिर से वही दमदार एक्शन होगा। रजनीकांत के अलावा मूवी में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती ने अहं भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।



मनी ट्रैप- द करुण ट्रेजर : मनी ट्रैप की कहानी कॉन आर्टिस्ट आसिम नोयन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लास्ट बार अपनी पुरानी गैंग के साथ एक आखिरी चोरी के लिए फिर से इकट्ठा होते हैं। हालांकि, उनका ये मिशन जल्द ही एक बड़ी लड़ाई में बदल जाता है, क्योंकि सामने वाले अन्य गिरोह भी इसी खजाने के पीछे पड़े हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।

खबर संक्षेप

वंदना शिशु शिक्षा निकेतन में गरबा की धूम



जनकपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर पंचयत जनकपुर के वंदना शिशु शिक्षा निकेतन के प्रांगण में गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। गरबा के रंग में रंगे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। पारंपरिक गीत-संगीत की धुन पर गरबा नृत्य करते प्रतिभागियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी स्वरूप में सजाई गई नन्हीं बालिकाओं की आरती एवं विधिवत पूजन के साथ हुआ। छोटी-छोटी बालिकाओं को देवी के स्वरूप में विराजमान कर उनकी आराधना की गई। इसके पश्चात गरबा उत्सव की शुरूआत हुई। देवी आराधना के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम ने नवरात्र के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया और उपस्थित लोगों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। गरबा उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, उत्साह और आकर्षक नृत्य के माध्यम से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। बच्चों की प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा। गरबा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में यशवंती रविशंकर सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में हीरालाल मौर्य एवं रविशंकर सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। वंदना शिशु शिक्षा निकेतन के प्रांगण में आयोजित यह गरबा उत्सव तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान धार्मिक आस्था, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नवरात्र पर्व की खुशियां साझा की जाएंगी।

जगह-जगह विराजी मां दुर्गा...



शिवमंदिर के पास ओड़गीनाका बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा



हनुमान मंदिर नगर में विराजी मां दुर्गा



अमहर गांव के सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में विराजी मां दुर्गा

पेमेंट नहीं मिलने से नाराज थे प्लेसमेंट कर्मचारी

वादे के अनुसार समय पर खाते में पहुंची मानदेय की राशि

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा में दो माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल के बाद आखिरकार वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। त्योहारों के बीच आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे कर्मचारियों ने कोरिया नीर के समीप धरना-प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की थी। कर्मचारियों का कहना था कि वे नियमित रूप से नगर की सफाई व्यवस्था संभालने में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करने और घरेलू खर्च चलाने का संकट खड़ा हो गया है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल और उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर

धरने में बैठ गए कोरिया नीर के पास



कर्मचारियों से चर्चा की। वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने भुगतान की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि दोनों माह की राशि कर्मचारियों के खातों में भेज दी गई है। मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारियों के एक माह के वेतन का भुगतान ठेकेदार द्वारा गुरुवार को कर दिया गया था, लेकिन बैंक से संबंधित समस्या के कारण कर्मचारियों के खातों में राशि नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद शुक्रवार को दूसरे माह के वेतन का भुगतान भी कर दिया गया। सीएमओ के अनुसार, शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक प्लेसमेंट कर्मचारियों के दोनों माह के वेतन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गई। भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या का समाधान करने की दिशा में कदम उठाया गया। कर्मचारियों की हड़ताल की सूचना मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल और उपाध्यक्ष राजेश सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें काम पर वापस लौटने के लिए समझाइश दी। इस दौरान अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने मोबाइल के माध्यम से ठेकेदार द्वारा एक माह के वेतन भुगतान से संबंधित जानकारी भी कर्मचारियों को दिखाई। साथ ही दूसरे माह की राशि के भुगतान को लेकर भी जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके वेतन भुगतान की समस्या का समाधान किया जा रहा है। वेतन भुगतान को लेकर जानकारी मिलने के बाद कर्मचारियों की प्रमुख मांग पर कार्रवाई हुई। नगर पालिका प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक दोनों माह की राशि कर्मचारियों के बैंक खातों में सीधे भेज दी गई।

नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

बैकुण्ठपुर। रजवार समाज के जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित सामाजिक जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम सरडी के जूनापारा में एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के नियमों के पालन, नशामुक्ति, सामाजिक कार्यक्रमों में मितव्ययिता, सामूहिक विवाह, सामाजिक एकता तथा संगठन में महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, समाज की परंपराओं एवं नियमों का पालन करने तथा समाज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से नशामुक्त समाज के निर्माण, विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाने और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि के रूप में राम कुमार राजवाड़े एवं ललित कुमार राजवाड़े उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्रीय प्रतिनिधि लोकेश राजवाड़े एवं होरिल राजवाड़े, ग्राम समिति अध्यक्ष ननकू राजवाड़े सहित ग्राम के समस्त पदाधिकारी एवं नारी शक्ति की सराहनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित



जनमानस की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करते हुए सामाजिक विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई। बैठक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, सामाजिक नियमों का सम्मान करे तथा युवाओं और महिलाओं को संगठन में उचित भागीदारी मिले।

अवैध रेत परिवहन पर 6 ट्रैक्टर और 2 टिपर जब्त

मनेंद्रगढ़। जिले में खनिज संसाधनों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने और खनिज नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जांच कर रही है। इसी कड़ी में आज जिला खनिज उड़नदस्ता दल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे छह ट्रैक्टर और दो टिपर वाहनों को जब्त किया। खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल ने तहसील मनेंद्रगढ़ के सिरौली, चैनपुर, हस्तिनापुर और घुटरा क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस दौरान रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए गए छह ट्रैक्टर एवं दो टिपर वाहनों को जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर में रखा गया है।



विभाग की इस पहल का उद्देश्य खनिजों के अनधिकृत परिवहन पर रोक लगाना और शासन के निर्धारित नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। खनिज विभाग के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के ग्राम अमहर स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बिजुरी से पधारे कथावाचक महेन्द्र मिश्रा के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर है और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे हुए हैं।

गौरतलब है कि ग्राम अमहर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा पिछले 30 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस

30 वर्षों से हो रहा दुर्गा पूजा का आयोजन





धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहता है। दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिदिन करीब 500 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए दुर्गा पंडाल पहुंच रहे हैं।

सामूहिक सहयोग से कायम है धार्मिक परंपरा

ग्राम अमहर में ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता और आस्था से यह आयोजन धार्मिक एकता, सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे का संदेश दे रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पंडाल में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था और भक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ ही लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ रहा है।

हर्रापारा में देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

बैकुण्ठपुर। श्री श्री 108 श्री नवयुवक मां दुर्गा पूजा समिति हर्रापारा के तत्वावधान में गुरूवार की रात्रि दुर्गा पूजा के उपरांत जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगराता कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने देर रात तक माता रानी के भजनों का आनंद लिया। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति गीतों पर भाव-विभोर नजर आए और माता रानी की आराधना में लीन रहे। समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। देर रात तक चले जगराता कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे और उत्साहपूर्वक जगराता का आनंद लिए। आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया।



मिडिल स्कूल ग्राउंड में मां जगजननी की पूजा-अर्चना

बरबसपुर। एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के मिडिल स्कूल ग्राउंड में मां जगत जननी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। माता रानी केक दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस धार्मिक आयोजन में गांव के बड़े-बुजुर्गों से लेकर युवा वर्ग और नन्हे-मुन्ने बच्चों तक का सराहनीय योगदान देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग और श्रद्धा से पूजा कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हो रहा है। श्रद्धालु माता रानी की आराधना कर परिवार एवं गांव की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पूजा स्थल पर भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। मां जगत जननी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बढ़-चढ़कर धार्मिक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।



बैगापारा में कन्या सह न्योता भोज

जनकपुर। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और कन्याओं के सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर कन्या भोज की परंपरा को यदि जरूरतमंद और गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से आगे बढ़ाया जाए, तो यह धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकार का भी सुंदर उदाहरण बन जाता है। इसी भावना को साकार करते हुए प्राथमिक शाला बैगापारा नौढ़िया में कन्या भोज सह न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं के साथ विद्यालय के सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया तथा उन्हें शैक्षणिक सामग्री भेंट कर पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विधात्री सिंह ने कहा कि यदि कन्या भोजन की शुरूआत गरीब बच्चों से की जाए, तो यह अद्भुत पहल है। उनका यह विचार कन्या पूजन की परंपरा को सामाजिक संवेदनशीलता और जरूरतमंद बच्चों की खुशियों से



जोड़ने का संदेश देता है। बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें सम्मान देना, उनके साथ भोजन करना और उनकी जरूरतों को समझना ही ऐसे आयोजनों की सार्थकता है। प्राथमिक शाला बैगापारा नौढ़िया में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कन्याओं एवं विद्यालय के सभी बच्चों को खीर, पूरी, दाल, चावल और केला परोसा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया। आयोजन का उद्देश्य केवल भोजन कराना ही नहीं, बल्कि बच्चों को अपनत्व का एहसास कराना और उनके साथ खुशियों के पल साझा करना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भेंट स्वरूप पेन, पेंसिल, शार्पनर, इरेजर और कॉपी प्रदान की गई।



